राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र से उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 2 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी

——————

राज्यपाल से डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने की मुलाकात

जयपुर, 2 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को राजभवन में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) के कुलाधिपति श्री कन्हैयालाल बेरवाल ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

श्री बेरवाल ने राज्यपाल से भेंट के दौरान उन्हें मध्यप्रदेश के सबसे पुराने व सबसे बड़े इस केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियां और नई शिक्षा नीति के संदर्भ में शैक्षिक गुणवत्ता के संदर्भ में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

————

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल की बधाई एवं शुभकामनाएं

जयपुर 2 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (3 मई) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि मीडिया को हमारे यहां लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना गया है। मीडिया आम जन को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही कर्तव्यों के लिए सजग करता है। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता ही संवैधानिक अधिकार एवं मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने का बड़ा आधार है।

राज्यपाल ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया से जुड़े सभी पत्रकारों के लिए शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों के साथ लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में कार्य करने का आह्वान किया है।

——